पूर्वोतर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान इटानगर (अरुणाचल) के वानिकी छात्रों की भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के शैक्षणिक भ्रमण की रिपोर्ट

Report on the Educational Tour of B.Sc. Forestry Students from North Eastern Regional of Science and Technology, Itanagar (Arunachal Pradesh) to ICFRE-HFRI, Shimla

पूर्वोतर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान इटानगर (अरुणाचल) वानिकी स्नातक (तृतीय वर्ष) विषय के बीस विद्यार्थियों के समूह ने 23 दिसम्बर, 2024 को भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों के बारे में **डॉ. बाल कृष्ण तिवारी , वैज्ञानिक - सी** द्वारा पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहारादून के अधीनस्थ विभिन्न संस्थानों के बारे में बताया गया एवं हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी, विस्तार गतिविधियों एवं वर्तमान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों/विविध परियोजनाओं के बारे में संकाय एवं छात्रों को अवगत करवाया। उन्हे उत्तर पश्चिमी हिमालयन की वन संपदा के बारे मे भी जानकारी दी। उसके पश्चात विद्यार्थियों को संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण भी करवाया एवं वहाँ पर उपयोग किए जा रहे उपकरणो एवं उनकी कार्यशैली के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। उसके बाद वनस्पति संग्रहालय और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र में भ्रमण करवाया गया तथा वहाँ पर हर्बेरियम प्रोटोकॉल और संस्थान द्वारा विकसित तकनीक एवम उत्पाद की जानकारी सांझा की गई। श्री कुलवानर राय गुलशन, श्री राजेन्द्र पाल एवं श्री स्वराज सिंह ने विद्यार्थियों के संस्थान भ्रमण मे सहयोग किया। विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधि ने डॉ वनीत जिश्टु, प्रभाग प्रमुख विस्तार एवं संस्थान के निदेशक डॉ॰ संदीप शर्मा का उनकी संस्थान में यात्रा करने के लिए धन्यवाद दिया।

शैक्षणिक दौरे के कुछ छायाचित्र

डॉ वनीत जिश्टु, प्रभाग प्रमुख विस्तार

डॉ. बाल कृष्ण तिवारी, वैज्ञानिक-सी

छात्रों को संस्थान एवं अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी देते हुये ।

विद्यार्थियों का प्रभागाध्यक्ष, विस्तार के साथ सभागार में सामूहिक चित्र

विद्यार्थियों का प्रयोगशालाओं एवं टीडीसी में भ्रमण

****